# 19 राज्यों में बारिश-आंधी का अलर्ट

## आईएमडी की चेतावनी

**नई दिल्ली, 01 जून. भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई हिस्सों में मौसम के अचानक बदलने की चेतावनी जारी करते हुए 19 राज्यों में भारी बारिश, आंधी और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है.**

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर, पूर्व और मध्य भारत के कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हो सकती है. कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना जताई गई है. उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण यह स्थिति बनी है. कई राज्यों में ओलावृष्टि और बिजली गिरने की आशंका भी व्यक्त की गई है. प्रशासन ने किसानों, मछुआरों और खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है. पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन और पेड़ गिरने जैसी घटनाओं की आशंका को देखते हुए यात्रियों को मौसम अपडेट पर नजर रखने की अपील की गई है.



| मौसम चेतावनी | भारी बारिश, आंधी और वज्रपात |
|---|---|
| प्रभावित राज्य | 19 |
| अधिकतम हवा की रफ्तार | 80-90 किमी/घंटा |
| प्रमुख राज्य | यूपी, बिहार, दिल्ली, झारखंड, बंगाल, एमपी, राजस्थान |
| विशेष खतरा | बिजली गिरना, ओलावृष्टि |
| कारण | चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय |
| यूपी | कई जिलों में भारी बारिश व तेज आंधी |
| बिहार | 70-75 किमी/घंटा की हवा संभव |
| झारखंड | 80-85 किमी/घंटा की रफ्तार से तूफान |
| दिल्ली | बारिश के साथ 40-50 किमी/घंटा हवा |
| उत्तराखंड | बारिश, आंधी और ओले का अलर्ट |

| मौसम चेतावनी | भारी बारिश, आंधी और वज्रपात |
|---|---|
| हिमाचल | 65-75 किमी/घंटा की तेज हवाएं |
| जम्मू-कश्मीर | 1 से 4 जून तक बारिश की संभावना |
| पश्चिम बंगाल | कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी |
| पंजाब | 70-80 किमी/घंटा की तेज आंधी संभव |
| राजस्थान | बारिश के साथ तेज हवा का अलर्ट |
| मध्य प्रदेश | कई जिलों में तूफान और बारिश |
| किसानों के लिए सलाह | खुले खेतों में सतर्कता बरतें |
| मछुआरों के लिए सलाह | नदी और जलाशयों से दूर रहें |

**प्रशासन ने की विशेष अपील**
**मौसम विभाग के निर्देशों का पालन करें**

## तीन तलाक के आरोप में पति के खिलाफ मुकदमा

**हरिद्वार.** उत्तराखंड में हरिद्वार के सिडकुल थाना पुलिस ने सोमवार को एक मुस्लिम महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ तीन तलाक बोलने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्वालापुर क्षेत्र के मोहल्ला कस्साबान निवासी एक महिला ने 30 मई को कोतवाली सिडकुल में शिकायत दर्ज कराई. महिला का आरोप है कि उसके पति शमशाद पुत्र जहूर हसन निवासी मोहल्ला झोझगान, थाना पुरकाजी, जनपद मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) ने उसका रास्ता रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी. महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पति ने उसके सामने तीन बार तलाक शब्द का उच्चारण किया. शिकायत के आधार पर कोतवाली सिडकुल पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है. पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक मनीषा नेगी द्वारा की जा रही है.

# शिक्षा को कारोबार बनाना सभी बुराइयों का आधार : राहुल

**नई दिल्ली, 01 जून. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर उसकी गलतियों के लिये छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार देते हुए कहा है कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय कारोबार बना दिया जाता है तो उससे अनेक बुराइयां जन्म लेना शुरू कर देती हैं.**



श्री गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है. डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है. अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर डाला जा रहा है. उन्होंने कहा कि गलती सीबीएसई करती है और इसकी सजा बच्चे को मिलती है और सरकार इससे कमाई करती है।कांग्रेस नेता ने कहा जब शिक्षा को सेवा नहीं बल्कि कारोबार बना दिया जाता है तो गलतियां सुधरने के बजाय व्यवस्था का हिस्सा बन जाती हैं और इसकी सबसे बड़ी कीमत बच्चों को अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य से चुकानी पड़ती है।गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की डिजिटल प्रति, पुनर्गणना तथा पुनर्मूल्यांकन की सुविधा शुल्क पर उपलब्ध कराने को लेकर हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बहस तेज हुई है.

## भारत-म्यांमार रिश्तों को मुर्मु ने सराहा




**नई दिल्ली.** भारत दौरे पर आए म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और म्यांमार के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि म्यांमार भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ भारत के संबंधों में उसकी विशेष भूमिका है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत और म्यांमार के बीच साझा बौद्ध विरासत और सदियों पुराने जन-से-जन संबंध दोनों देशों की मित्रता को विशेष गर्मजोशी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्ते बेहद मजबूत हैं, जो आपसी सहयोग को नई दिशा देते हैं. मुर्मु ने कहा कि म्यांमार भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाता है.

# गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रगति की समीक्षा की

**नयी दिल्ली, 01 जून. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश में 8,512 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार गडकरी ने यह समीक्षा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त फीडबैक के आधार पर की. बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विभिन्न परियोजनाओं से



जुड़े ठेकेदारों ने भाग लिया.

उन्होंने अधिकारियों को मानसून के मद्देनजर व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. इसमें सड़क सुरक्षा और राजमार्गों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निवारक उपायों के साथ-साथ प्रभावी आपात प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करने पर विशेष बल दिया गया. बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण, रखरखाव व्यवस्था तथा आगामी मानसून के दौरान सड़क नेटवर्क को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई.

> गडकरी ने परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने, गुणवत्ता के कड़े मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि टिकाऊ और दक्ष राजमार्गों का निर्माण बेहतर संपर्क, आर्थिक विकास और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए आवश्यक है.

## हिमंता ने राधाकृष्णन से की मुलाकात



**नई दिल्ली, 01 जून. असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की.**

दिल्ली की यात्रा पर आए सरमा राधाकृष्णन से मिलने उपराष्ट्रपति भवन गये थे. मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आज भारत के उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन जी से मुलाकात करके उन्हें असम के विकास की गाथा से अवगत कराना मेरे लिए सम्मान की बात है.

# एक महीने के भीतर वादा पूरा : भाजपा

## पश्चिम बंगाल में महिलाओं के लिए फ्री सरकारी बस सेवा शुरू

**कोलकाता, 01 जून. पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के चुनावी 'संकल्प पत्र' में किए गए वादे के अनुसार, राज्य परिवहन की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा सोमवार से पूरे राज्य में शुरू हो गई.**

हालांकि, राज्य परिवहन विभाग के निर्देश के अनुसार इस सुविधा का लाभ लेने वाली महिलाओं को अपनी पहचान और पश्चिम बंगाल की निवासी होने का प्रमाण देने के लिए सरकार द्वारा मान्य किसी एक पहचान पत्र को साथ रखना अनिवार्य होगा.



परिवहन विभाग से मान्य पहचान पत्रों की सूची में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड, आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों और सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों से जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय से जारी आधिकारिक पहचान पत्र तथा पश्चिम बंगाल सरकार से जारी कोई अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र शामिल हैं. महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ लेने के लिए इनमें से कोई एक पहचान पत्र दिखाना होगा. सोमवार सुबह से यह व्यवस्था लागू होने के बाद, महिलाओं ने जब इनमें से कोई एक पहचान पत्र दिखाया तो बस परिचालकों ने उन्हें मुफ्त टिकट जारी किया. यह सुविधा छोटी और लंबी दूरी, दोनों तरह की राज्य संचालित बसों में उपलब्ध है.

## एक नजर में

### संजय लोहिया ने वित्तीय सेवा विभाग के सचिव का पद संभाला



नयी दिल्ली, 01 जून. भारतीय सिविल सेवा के 1994 बैच आईएएस अधिकारी संजय लोहिया को केंद्रीय वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग का सचिव बनाया गया है. लोहिया ने सोमवार को अपना नया कार्यभार संभाला. इस नियुक्ति से पहले लोहिया वित्तीय सेवा विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थे. उन्होंने एम नागराजू का स्थान लिया है. नागराजू का सेवाकाल समाप्त हो गया है.

### नारायण साहू की जमानत याचिका जुलाई में

रायपुर, 01 जून. सुप्रीम कोर्ट छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में आरोपी नारायण साहू की ओर से दायर याचिका पर जुलाई में सुनवाई करेगा. जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने नारायण साहू की ओर से दायर जमानत जमानत याचिका को जुलाई में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है. इस मामले में मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी के ड्राइवर है नारायण साहू. छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने इसे जमानत देने से इनकार कर दिया था. कोर्ट ने कहा था कि आर्थिक सामान्य अपराधों से कही अधिक गंभीर होते हैं, क्योंकि इनका सीधा असर देश की आर्थिक व्यवस्था और जनता के विश्वास पर पड़ता है. नेताओं और अधिकारियों तक पैसा पहुचाने का आरोप है. एसीबी-ईओडब्ल्यू के मुताबिक नारायण साहू केवल ड्राइवर की भूमिका में नहीं था, बल्कि इस सिंडिकेट में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है. जांच एजेंसी के मुताबिक वह सूर्यकांत तिवारी का भरोसेमंद सहयोगी था और अवैध वसूली से प्राप्त नकदी के संग्रह और वितरण का काम संभालता था.

### तंबाकू-मुक्त परिसर बनाने शिक्षा मंत्रालय का आह्वान

नयी दिल्ली, 01 जून. शिक्षा मंत्रालय ने सभी शैक्षणिक संस्थानों से तंबाकू-मुक्त परिसर विकसित करने की दिशा में सक्रिय प्रयास करने का आह्वान किया. शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हाल में एक राष्ट्रीय बैठक आयोजित की. इस अवसर पर 'तंबाकू-मुक्त पीढ़ी की ओर : स्कूल चैलेंज 2025 के विजेता विद्यालयों को सम्मानित किया गया .इस मौके पर विद्यालयी शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने ने कहा कि देशभर के 17,000 से अधिक विद्यालयों ने इस अभियान में भागीदारी की, जो तंबाकू नियंत्रण के प्रति बढ़ती जागरूकता का संकेत है. उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों से तंबाकू-मुक्त परिसर विकसित करने की दिशा में सक्रिय प्रयास करने का आह्वान किया.

# टीएमसी में बगावत की सुगबुगाहट शुरू

**कोलकाता, 01 जून. अपने दो विधायकों- संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निकाल दिया.**

यह कार्रवाई तब हुई जब अभिषेक बनर्जी पर हमले के एक दिन बाद ममता बनर्जी द्वारा बुलाई गई विधायकों की बैठक में भारी अनुपस्थिति रही. कुल 80 टीएमसी विधायकों में से केवल 20 ही बैठक में पहुंचे, जबकि क़रीब 60 विधायक नदारद रहे थे. पार्टी के अंदर यह बड़ा संकट माना जा रहा है. टीएमसी की ओर से जारी नोटिस में कहा गया कि दोनों विधायकों को पार्टी के



उम्मीदवार के रूप में चुना गया था, लेकिन वे बार-बार पार्टी की बैठक में नहीं आए और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे. इसके साथ ही उन्होंने ऐसे बयान दिए और काम किए जो पार्टी के हित के खिलाफ थे. नोटिस में कहा गया, 'सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद पार्टी के सक्षम अधिकारी ने फ़ैसला लिया है कि आपको तुरंत प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निकाला जाता है.

## फर्जी हस्ताक्षर मामले में अभिषेक को दूसरा नोटिस

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधायकों के कथित फर्जी हस्ताक्षरों से जुड़े मामले में राज्य अपराध जांच विभाग ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक को दूसरा नोटिस जारी किया है।जांच एजेंसी ने उन्हें 8 जून को दोपहर 12 बजे भबानी भवन स्थित सीआईडी मुख्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है. उन्हें 1 जून को पेश होने के लिए तलब किया गया था, उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपस्थित होने में असमर्थता जताई. बताया गया है कि हाल ही में दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में कथित चुनाव बाद हिंसा के एक पीड़ित से मुलाकात के दौरान उन पर हमला हुआ था, जिसके बाद उनका उपचार चल रहा है .यह मामला विधानसभा सचिवालय को सौंपे गए एक पत्र से जुड़ा है, जिसमें कई विधायकों के कथित फर्जी हस्ताक्षरों के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है .मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईडी ने विशेष जांच दल का गठन किया है .राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले पर सभी की नजरें टिकी हैं और अब 8 जून को अभिषेक बनर्जी की संभावित पेशी को जांच की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.





दुबई बेस्ड भारतीय बैंकर श्रद्धा गुप्ता ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की.

# सोशल मीडिया के कम उपयोग की दी सीख

## छात्राओं के अच्छे परिणाम पर सीएम योगी ने सराहा

**लखनऊ, 01 जून. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देश की मजबूत नींव यानी उत्तर प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यूपी बोर्ड, सीबीएसई के साथ ही साथ आईएससी-आईसीएससी बोर्ड के मेधावियों को एक-एक लाख रुपये का चेक और टैबलेट प्रदान किया.**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 223 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया. इसमें विभिन्न बोर्ड के मेधावियों के साथ उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद के छात्र-छात्राएं भी थे. लखनऊ में कार्यक्रम के साथ प्रदेश के 1459 जिला स्तर के मेधावियों को भी जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों में 21 हजार रुपये, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को देश के भविष्य के निर्माता की उपाधि देने के साथ उनके माता-पिता व शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई. उन्होंने अभिभावकों को भी बड़ा संदेश दिया. उन्होंने कहा कि दो-वर्ष तीन वर्ष के बच्चों को मोबाइल पकड़ाना अनुचित है. उन्हें थोड़ा अन्य रचनात्मक विकास वाले कार्यों से जोड़िए.

## आज का इतिहास

1966 -अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यान चांद की ज़मीन पर सफलतापूर्वक उतरा

1979 - पोप का ओहदा संभालने के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय पहली बार अपनी मातृभूमि पोलैंड लौटे

1988 - भारतीय निर्माता, निर्देशक अभिनेता राज कपूर का निधन

1996- उक्रेन अपने अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ ही परमाणु मुक्त देश बना

1999 - दक्षिण एवं उत्तर कोरिया के बीच उच्च स्तरीय वार्ता पर सहमति

# पवार परिवार से पारिवारिक संबंध राजनीति से अलग : अरुण लखानी

**नागपुर, 01 जून. महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार एवं उद्योगपति अरुण लखानी का कहना है कि राजनीतिक विचारधाराएं और पारिवारिक रिश्ते अलग-अलग मामले हैं. उनके बेटे सारंग की शादी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले की बेटी रेवती से इसी महीने होने वाली है.**

महाराष्ट्र चुनाव में चंद्रपुर-वर्धा-गडचिरोली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा द्वारा नामित लखानी ने ने सोमवार को कहा कि व्यक्तिगत संबंधों को राजनीतिक संबद्धताओं से नहीं जोड़ा जाना चाहिए. भाजपा द्वारा उनकी



उम्मीदवारी की घोषणा के बाद एक मराठी टेलीविजन चैनल से बात करते हुए लखानी ने कहा कि सुश्री सुले ने उन्हें बधाई दी थी.

पवार परिवार की राजनीतिक प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए उन्होंने टिप्पणी किया कि एक प्रमुख राजनीतिक परिवार से रिश्तेदारी होना कोई असामान्य बात नहीं है.

## रणनीति — समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग जैसे विषयों पर जोर

# भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्ता में रक्षा सहयोग को बल

**नयी दिल्ली, 01 जून, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता हुई.**

इस वार्ता में दोनों देशों के रक्षा सहयोग की पूरी रूपरेखा की समीक्षा की गई. द्विपक्षीय वार्ता के उपरांत राजनाथ सिंह ने कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ उनकी यह मुलाकात और बातचीत उत्कृष्ट रही. दोनों देशों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की. इसके



साथ ही भारत और ऑस्ट्रेलिया ने इसे संवाद व सहयोग को और आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए तैयार है. सोमवार को हुई इस बातचीत से पहले ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स का नई दिल्ली में औपचारिक स्वागत किया गया. उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया. इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहे. इसके बाद दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक शुरू हुई.

> राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार की हाल ही में जारी 2026 नेशनल डिफेंस स्ट्रेटेजी और इंटीग्रेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम की सराहना की. रक्षा मंत्री ने इस विषय पर कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई सरकार को हाल ही में प्रकाशित 2026 राष्ट्रीय रक्षा रणनीति और एकीकृत निवेश कार्यक्रम के लिए बधाई देना चाहते हैं. उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री से कहा कि आज की चर्चा के दौरान वह इस नीति दस्तावेज पर उनके विचारों को सुनने और भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों में विकास की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं.

## 24 राज्यसभा सीटों पर चुनाव, दिग्गजों पर नजर

**नई दिल्ली.** भारत के निर्वाचन आयोग ने 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। इन सीटों पर मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। आयोग के कार्यक्रम के अनुसार नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून निर्धारित की गई है, जबकि मतदान 18 जून को होगा। चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने उम्मीदवारों के चयन को लेकर मंथन तेज कर दिया है। भाजपा और विपक्षी दल इस चुनाव को केवल राज्यसभा की रिक्त सीटों को भरने तक सीमित नहीं मान रहे, बल्कि इसे आगामी विधानसभा चुनावों और राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

# सुमन कल्याणपुर को राजकीय सम्मान से विदाई

**मुंबई, 01 जून. दिग्गज पार्श्व गायिका और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित सुमन कल्याणपुर का सोमवार को मुंबई के सांताक्रूज श्मशान घाट में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, सरकारी अधिकारी एवं सांस्कृतिक जगत के लोग पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे.**

महान गायिका का रविवार देर शाम मुंबई स्थित उनके आवास पर 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया, जिससे कई दशकों तक कायम रहे उनके उल्लेखनीय संगीतमय सफर का अंत हो गया. उनकी आवाज सुरों की रानी लता मंगेशकर की आवाज से इतनी मिलती-जुलती थी कि सामान्य श्रोता कभी-कभी



दोनों को एक-दूसरे की आवाज समझ बैठते थे. फिल्मों में उनका सफर 'शुक्राची चांदनी' और 'मंगू' (1954) जैसी फिल्मों से शुरू हुआ. उन्होंने कई सदाबहार गानों में अपनी आवाज़ दी, जिनमें 'शराबी ये सावन का मौसम', 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर', 'ना ना करते प्यार', 'ना तुम हमें जानो', 'और' निम्बोनिच्या ज़हादा मागे' शामिल हैं. सुमन कल्याणपुर का जन्म 28 जनवरी 1937 को हुआ था और वह हिंदी सिनेमा में अपने गीतों के कारण ज्यादा प्रसिद्ध रहीं. हालांकि उन्होंने बंगाली, मराठी, असमिया, गुजराती, कन्नड़, अंगिका, भोजपुरी, राजस्थानी, ओडिया और पंजाबी सहित कई अन्य भाषाओं की फिल्मों के लिए गाने रिकॉर्ड किए हैं. सुमन कल्याणपुर के करियर की शुरुआत 1954 में हुई और वह 1960 और 1970 के दशक की एक लोकप्रिय गायिका रहीं. उन्होंने 1958 में मुंबई के एक व्यवसायी रामानंद कल्याणपुर से शादी की. शादी के बाद कल्याणपुर उनके हर गाने की रिकॉर्डिंग में उनके साथ जाया करते थे. दिवंगत गायिका की एक बेटी है जिसका नाम चारुल अग्नि है और शादी के बाद वह अमेरिका में बस गई है.